**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 797 / 2016 / 10–11 / 1749 भोपाल, दिनांक 20/6/18

प्रेषक :–

सुनील अग्रवाल (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, केन्द्रीय पर्यावरण भवन,
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः– शिवपुरी जिले में माधव राष्ट्रीय उद्यान से गुजरने वाली शिवपुरी–झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग लिंक रोड के किनारे भूमिगत सीवर लाईन बिछाये जाने हेतु 1.83 हेक्टेयर वनभूमि कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, शिवपुरी को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / 6-MPB 03/2018-BHO/003 दिनांक 02.04.2018

---0----

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण की प्रथम चरण सशर्त सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई थी। आपके द्वारा स्वीकृति पत्र में उल्लेखित शर्त क्रमांक 3(b & d), 4, 5, एवं 27 का पालन प्रतिवेदन चाहा गया है, जो निम्नानुसार हैः–

1. शर्त क्रमांक 3(b) के पालन में प्रकरण में 1.83 हेक्टेयर गैर वन भूमि पर 10 वर्षीय क्षतिपूरक वनीकरण योजना बनाई गई है। योजना के अनुसार वर्तमान मजदूरी दर से वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि आवेदक संस्थान ने राशि रू0 35,57,376/– यूनियन बैंक, नई दिल्ली में NEFT के माध्यम से दिनांक 20.02.2016 को जमा की जा चुकी है, जिसका यू0टी0आर0 नम्बर SBIN216050505738 दिनांक 20.02.2016 है। एड–हॉक कैम्पा, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक/4-36/2015-CAMPA दिनांक 02.03.2016 द्वारा उपरोक्त राशि रूपये 35,57,376/– जमा होने की पुष्टि की गई है, उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

2. शर्त क्रमांक 3(d) के पालन में व्यपवर्तित होने वाली 1.83 हे0 वन भूमि के बदले में शिवपुरी जिले के तहसील शिवपुरी के ग्राम–डोंगरी के खसरा क्रमांक 56 में से 1.83 हे0 गैर वन भूमि वन विभाग के नाम हस्तांतरित/नामान्तरित कर दी गई है। कलेक्टर शिवपुरी का आदेश दिनांक 13.04.2016, कब्जा रसीद, पंचनामा एवं फार्म पी–2 आदि की छायाप्रति संलग्न है।

3. शर्त क्रमांक 4(a) के पालन में नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि आवेदक संस्था द्वारा रूपये 1,46,94,900 /– कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में ऑन लाईन दिनांक 07.05.2018 को जमा की जा चुकी है। ऑनलाईन जनरेटेट फार्म की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

शर्त क्रमांक 4(b) के पालन में प्रकरण में आवेदक संस्थान द्वारा वचन–पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

4. शर्त क्रमांक 5 के पालन में प्रकरण में प्राप्त वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की राशि यूनियन बैंक, नई दिल्ली में NEFT के माध्यम से दिनांक 20.02.2016 को एवं नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि एड–हॉक कैम्पा के अन्तर्गत कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में ऑन लाईन दिनांक 07.05.2018 को जमा की जा चुकी है। जमा की गई राशि की जानकारी की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

5. शर्त क्रमांक 27 के पालन में प्रथम चरण स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों का पालन प्रतिवेदन वेबपोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति में उल्लेखित समस्त शर्तों का पालन पूर्ण हो गया है। कृपया प्रकरण की अंतिम औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

20/6/18

(सुनील अग्रवाल)

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 797 / 2016 / 10–11 / 1750 भोपाल, दिनांक 20/6/18

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, शिवपुरी वृत्त शिवपुरी मध्यप्रदेश।
2. मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, माधव राष्ट्रीय उद्यान, शिवपुरी मध्यप्रदेश।
3. कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, शिवपुरी,, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

20/6/18

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

## PROFORMA FOR VERICICATION OF DEPOSITS IN COMPENSATORY AFFORESTATION FUND

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Regional Office | Bhopal |
| 2 | State/Distt/Forest Division to which the proposal relates | State : M.P.<br>District : Shivpuri<br>Division : Madhav National Park, Shivpuri |
| 3 | Name of User Agency, nature of proposal | Executive Engineer PHE Department Shivpuri, M.P. |
| 4 | nature and category of proposal | Under ground sewage pipeline |
| 5 | Proposal number | 6-MPB 03/2018-BHO/003 |
| 6 | Extent of forest area involved | 1.83 ha. |
| 7 | Whether original or extension | Original |
| 8 | If extension of lease, please clarify if proposal involves additional forest area and if so, specify | NA |
| 9 | Date of Ist stage clearance | 02-04-2018 |
| 10 | Extent of CAMPA charges, head wise viz,:<br>(a) Compensatory Afforestation:<br>(b) Additional CA<br>(c) Penal CA<br>(d) Catchment Area Treatment<br>(e) Additional Charges for diversion of area falling under notified/protected areas<br>(f) Net Present Value<br>(g) Any Other Charges /levies (Please specify) | <br>a) 35,57,376 /-<br>b) N/A<br>c) N/A<br>d) N/A<br>e) N/A<br><br>f) 1,46,94,900/-<br>g) N/A |
| | **Total** | **1,82,52,276/-** |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Whether payment made through challan of othervise in case of online payment details of challan | | | | Through NEFT/ Online | | |
| 12 | Details of deposits | | | | | | |
| S No. | Type of deposit (NPV/CA/IWMP/Others (specify)) | Whether by RTGS/DD/ NEFT (specify) | UTR / DD No. | Amount deposited (Rs.) | Date of deposit | Name of Bank from which amout transferred to account of CAF | Bank Account of CAF managed by CAMPA in which fund deposited |
| 1 | CA | NEFT | SBIN216050505738 | 35,57,376 | 20-02-2016 | Union Bank, New Delhi | A/c No. 344902010105423 |
| 2 | NPV | Online (Payment details inclo.) | Online (Payment details inclo.) | 1,46,94,900 | 07-05-2018 | Corporation Bank | Online |
| **Total** | | | | **1,82,52,276** | | | |

**(Sunil Agarwal)**
**APCCF (Land Management)**
**& Nodal officer FCA**
**Madhya Pradesh, Bhopal**